समाचार वाणी
ख़बर जो करें असर !

नाशिक | Thursday, 24 September 2026

# दिल्ली मे संनसनी : युवक की चाकू से हत्या के बाद आरोपी ने इंस्टाग्राम पर बनाई रील

Sanket Morankar Published on 03 Apr 2026



राजधानी दिल्ली में एक दिल दहला देने वाली घटना सामने आई है, जहां मामूली कहासुनी के बाद एक युवक की सरेआम चाकू से गोदकर हत्या कर दी गई। हैरानी की बात यह है कि इस वारदात को अंजाम देने के बाद आरोपी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म इंस्टाग्राम पर रील बनाकर खुद ही इस हत्या की जानकारी दी, जिससे इलाके में सनसनी फैल गई।

जानकारी के अनुसार, यह घटना दिल्ली के शालीमार बाग इलाके की है। मृतक की पहचान 19 वर्षीय निक्कू के रूप में हुई है। बताया जा रहा है कि किसी छोटी बात को लेकर हुए विवाद ने हिंसक रूप ले लिया और आरोपियों ने युवक पर चाकुओं से ताबड़तोड़ हमला कर उसकी हत्या कर दी।

वारदात के बाद एक आरोपी, जिसकी पहचान तरुण उर्फ कर्ण (18) के रूप में हुई है, ने इंस्टाग्राम पर एक रील पोस्ट की। इस वीडियो में वह कहता नजर आ रहा है, “तुम्हारे भाई ने मर्डर कर दिया है... अब मैं तिहाड़ जा रहा हूं।” इस रील के वायरल होने के बाद पुलिस हरकत में आई।

पुलिस की शुरुआती जांच में सामने आया है कि इस हत्या में करीब आधा दर्जन आरोपी शामिल थे। घटना के बाद से कई आरोपी फरार हैं, जबकि पुलिस ने कुछ संदिग्धों को हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू कर दी है। फरार आरोपियों की तलाश में लगातार छापेमारी की जा रही है।

पुलिस ने मृतक के शव का पोस्टमॉर्टम कराकर परिजनों को सौंप दिया है। अधिकारियों का कहना है कि जल्द ही सभी आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

गौरतलब है कि दिल्ली में इस तरह की यह पहली घटना नहीं है। इससे पहले भी कनॉट प्लेस इलाके में मामूली विवाद के बाद एक युवक की पीट-पीटकर हत्या का मामला सामने आ चुका है। इन घटनाओं ने राजधानी में कानून-व्यवस्था को लेकर सवाल खड़े कर दिए हैं।

फिलहाल पुलिस मामले की गहन जांच में जुटी है और सोशल मीडिया पर वायरल वीडियो को भी सबूत के तौर पर खंगाला जा रहा है। इस घटना ने एक बार फिर यह दिखा दिया है कि छोटी-छोटी बातों पर बढ़ती हिंसा समाज के लिए गंभीर चिंता का विषय बनती जा रही है।

---

DISCLAIMER: the views/contents expressed/presented herein, within this advertorial and promotional feature are the sole and exclusive responsibility of individual clients/expert/their authorised representative/Sanket Morankar, to which effect, publication house/its representative/affiliates are not responsible/liable whatsover.